कैंपस अड्डा

# पढ़ाई में आगे, स्पोर्ट्स में पीछे

अमर उजाला ब्यूरो
गाजियाबाद।

एकेटीयू और सीसीएसयू की टॉपर्स लिस्ट में भले ही गाजियाबाद के स्टूडेंट्स का दबदबा हो। लेकिन स्पोर्ट्स में खिलाड़ी पिछड़ते जा रहे हैं। मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूती देने में खेलों का बड़ा योगदान रहा है। इसके बावजूद प्रोत्साहन और सुविधाओं की कमी के चलते बाकी खिलाड़ी भी खेलों से दूर हो रहे हैं। सरकार का खेल बजट इसकी कहानी भी बयान करता है। एक ओर स्कूलों में पैरेंट्स बच्चों को खेलों में डालने को लेकर दिलचस्पी दिखा रहे हैं। दूसरी ओर इंजीनियरिंग व डिग्री कॉलेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के अभिभावक अभी खेलों से ज्यादा पढ़ाई पर अधिक जोर देते हैं। प्रतिस्पर्धा के युग में स्टूडेंट्स को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिए स्कूल-कॉलेजों में खेलों को अनिवार्य किए जाने की जरूरत है।

## प्रोत्साहन की कमी से खिलाड़ी हो रहे खेलों से दूर



आईएमएस युसी कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्टूडेंट्स।

महानगर के अधिकांश डिग्री और इंजीनियरिंग कॉलेजों के पास खेल मैदान की कमी है। सरकार ने तो खेलों को आखिरी पाएदान पर रखा है। दूसरी ओर शैक्षिक संस्थान भी खेलों को अपनी आखिरी श्रेणी में जगह देते हैं। प्रदेश स्तर के साथ संस्थानों में भी खेल सुविधाओं का काफी अभाव है।

यहां न तो मानकों के अनुसार खेल सुविधाएं हैं, न प्रशिक्षक और न ही खिलाड़ियों के लिए उचित डाइट। पहले हर साल गाजियाबाद की झोली में सैकड़ों पदक आते थे, लेकिन बीते चार-पांच सालों में पदक की संख्या घटती जा रही है। स्टूडेंट्स के ओवरऑल विकास के लिए खेलों का बजट बढ़ाने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

## खेलों के प्रति अभिभावक अभी भी नहीं जागरूक



स्कूल स्तर पर बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने में अभिभावक आगे हैं। लेकिन डिग्री व इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के पैरेंट्स स्पोर्ट्स को लेकर अभी भी जागरूक नहीं है। - **राजेंद्र सिंह, एथलेटिक्स कोच**



प्रदेश में खेलों का नंबर सबसे बाद में आता है। खेल सुविधाओं की बात हो या फिर अच्छे प्रशिक्षकों की। कॉलेजों को भी मैदान और प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर प्रोत्साहित करना चाहिए। - **अजय कुमार, एथलेटिक्स कोच**



पैसे की कमी और राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते खिलाड़ियों का मनोबल गिर रहा है। खेल संघों में अनुभवी खिलाड़ियों को जगह दी जानी चाहिए। सरकार को भी खेल बजट में वृद्धि कर संदेश देना चाहिए। - **मनप्रीत सिंह, बास्केट बॉल कोच**

## स्पोर्ट्स एक्टीविटीज हो कंपलसरी



सुविधाओं और प्रोत्साहन की कमी के चलते खिलाड़ी हतोत्साहित हो रहे हैं। खिलाड़ियों को न तो उचित ट्रेनिंग मिलती है, और न ही डाइट। खेल संघों में राजनीतिक की जगह खिलाड़ियों को जगह मिलनी चाहिए। एकेटीयू ने स्पोर्ट्स फेस्ट की अच्छी पहल शुरू की है। खिलाड़ियों को मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिए स्कूल-कॉलेजों में खेल को कंपलसरी करने की जरूरत है। - **उदय सिंगटा, स्पोर्ट्स कन्वीनर एकेटीयू व खेल अधिकारी एमआईएस ईसी**

### खेलों के स्तर के लिए जिम्मेदार

- अभिभावकों में अवेयरनेस की कमी
- अनुभवी खेल प्रशिक्षकों का अभाव
- मानकों के अनुसार खेल सुविधाएं नहीं
- खिलाड़ियों को तय डाइट उपलब्ध नहीं होना
- खेल संघों में राजनीतिक हस्तक्षेप

### खेलों में सुधार के लिए जरूरी

- स्कूल-कॉलेजों में स्पोर्ट्स एक्टिविटी हों कंपलसरी
- खेल के मैदान को विकसित किया जाए
- अनुभवी खेल प्रशिक्षकों की हो नियुक्ति
- खेल से जुड़े आधुनिक सामान व सुविधाएं बढ़ायी जाएं
- खिलाड़ियों की डाइट के लिए बजट बढ़े

**AMAR UJALA, EDITION: GHAZIABAD, DATE: 05.11.2016, PAGE: 06, DAY: SATURDAY**

http://epaper.amarujala.com/2016/11/05/ga/08/08.pdf



आईएमएस डासना में खिलाड़ियों से परिचय करते भारतीय रेसलर जगदीश कालीरमन।

# 90 कॉलेजों और 20 यूनिवर्सिटी के बीच 'चक्रव्यूह' का आगाज

गाजियाबाद(ब्यूरो)। आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स मीट 'चक्रव्यूह-2016' का शुक्रवार को आगाज हो गया। प्रतियोगिता में 11 राज्यों के 90 कॉलेजों और 20 यूनिवर्सिटी के 4000खिलाड़ियों के बीच पदक के लिए कांटे की टक्कर शुरू हो गई।

पहले दिन फुटबॉल में बीआईटी मेरठ ने जीएलए यूनिवर्सिटी मथुरा को 2-1 से मात देकर विजय अभियान शुरू किया। टेबल टेनिस में आईपेक ने जेपी यूनिवर्सिटी को 3-1 और केआईईटी ने एसएसवी को 3-1 से शिकस्त दी। वहीं बैडमिंटन में मेवाड़ यूनिवर्सिटी ने जीएल बजाज को 15-5, आईपेक ने आरडी कॉलेज को 12-15, जीएलए ने आरडी को 15-6 और एमआईईटी मोदीनगर ने एमआईईटी मेरठ को 15-6 से मात दी। प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय रेसलर जगदीश कालीरमन और भगत सिंह ने किया। पूर्व इंटरनेशनल रेसलर जगदीश कालीरमन ने स्टूडेंट्स को किसी एक ओलंपिक खेल को अपने जीवन में अपनाने की सीख दी। साथ ही कॉलेजों को किसी न किसी खेल की एकेडमी को खोलने की बात कही। समारोह में आईएमएस सोसायटी के चेयरमैन संजय अग्रवाल, जनरल सेक्रेट्री राकेश छारिया व निदेशक डा. श्रवण मुखर्जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खेल अधिकारी उदय सिंगटा ने बताया कि प्रतियोगिता में बास्केटबॉल, क्रिकेट, पावर लिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेनिस, शतरंज में भी लीग मुकाबले हुए।

**DAINIK JAGRAN, EDITION: GHAZIABAD, DATE: 05.11.2016, PAGE: 29, DAY: SATURDAY**

http://epaper.jagran.com/epaperimages/05112016/delhi/04gag-pg29-0.pdf

# आइएमएस म राष्टोय खल पव का आगाज

- चकव्यह 2016 म भाग ल रह ह विभिन्न पदशा क कालजा क
- स्वस्थ्य रहन क लिए खल सबस अच्छा जरिया : जगदोश

**जास, गाजियाबाद :** आइएमएस इजोनियरिंग कालज म तोन दिवसोय राष्ट्रोय खल महोत्सव का शुक्रवार को आगाज किया गया। मुख्य अतिथि क तोर पर शामिल हुए पहलवान जगदोश कालोरमन और भगत सिंह, आइएमएस सस्था क चयरमन सजय अगवाल, महासचिव राकश छारिया न चकव्यह-2016 खल प्रतियोगिता का शुभारभ किया। जगदोश कालोरमन न कहा कि विश्व को सारो सुविधाए और सुख तब तक अर्थहोन ह जब तक स्वास्थ्य अच्छा न हो और स्वस्थ्य रहन क लिए खल सबस अच्छा जरिया ह। कालज क निदशक डा. श्रवण मुखर्जी न बताया कि प्रतियोगिता म महाराष्ट्र, बिहार, तमिलनाड, हरियाणा, पजाब सहित अन्य प्रदशा स कालज हिस्सा ल रह ह। तोन दिन फुटबाल, वालोबाल, बास्कट बाल, क्रिकट, पावर लिफ्टिंग, बडमिंटन, टनिस, शतरज आदि खला म हिस्सा लग। खल अधिकारो उदय सिंगदा न बताया कि सभो मच क लिए कालज परिसर म हो आयोजित किए जाएग।



आइएमएस कालज म आयाजित चकव्यह कायक्रम का गुब्बार उडाकर शुभारंभ करत अतिथि।

**HINDUSTAN, EDITION: GHAZIABAD, DATE: 05.11.2016, PAGE: 20, DAY: SATURDAY**

http://epaper.livehindustan.com//epaperimages/05112016/05d_gp2o22_del_gzslocal2.pdf

# खेल महाकुभ का आगाज

**गाजियाबाद।** आइएमएस इंजीनियरिंग कालेज म तीन दिवसीय खल महाकुम्भ चकव्यह-2016 का शकवार को शभारम्भ किया गया।

इसम फटबाल, वालीबाल, बास्कट बाल, किकट, पावर लिफ्टिंग, बडमिंटन, टनिस एव शतरंज म खिलाडियो न दम दिखाया। दिन-रात क इस खल महाकभ म महाराष्ट, बिहार, तमिलनाड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल पदश, राजस्थान, मध्यपदश, छत्तीसगढ, उत्तराखण्ड, उत्तरपदश क लगभग 100 कालजो क 4000 स अधिक खिलाडी हिस्सा ल रह ह। (सं.)

# शोध क लिए चयर पोफसर नियुक्त

**नोएडा।** डा एपीज अब्दल कलाम पाविधिक विश्वविद्यालय म शकवार को कलपति डा विनय कमार पाठक की अध्यक्षता म शोध को बढावा दन क लिए चयर पोफसर की नियुक्ति की गइ।

इस दौरान आरइपीएल ( REPL ) क साथ एक एमओय भी हस्ताक्षरित किया गया एमओय का उद्दश्य एकटीय क सम्बद्ध सस्थानो म शोध कायो म इडस्टी की भागीदारी को पत्यक्ष रूप स जोडन का ह। कलपति पो. विनय कमार पाठक न कहा कि यह पहली बार ह जब स्टट टक्निकल यनिवर्सिटी म चयर पोफ़सर की नियुक्ति क लिए इडस्टी क साथ काय किया जा रहा ह। (सं.)

**NAVBHARAT TIMES, EDITION: GHAZIABAD, DATE: 05.11.2016, PAGE: 04(GT), DAY: SATURDAY**

http://epaper.navbharattimes.com/epaperimages//05112016//05112016-md-gt-4.pdf

# पहले दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दम

■एनबीटी न्यूज, एनएच 24: आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज का तीन दिवसीय खेल महोत्सव 'चक्रव्यूह' शुक्रवार से शुरू हो गया। चक्रव्यूह के पहले दिन फुटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन समेत कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। चक्रव्यूह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय रेसलर जगदीश कलीरमन व भगत सिंह ने किया। खेल महोत्सव के संयोजक उदय सिंगल ने बताया कि चक्रव्यूह में दिल्ली, रोहतक, जालंधर, जबलपुर, इंदौर, हरिद्वार, मथुरा, देहरादून, लखनऊ आदि शहरों के कॉलेजों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

haziabad Time
EDNESDAY, 21 OCTOBER 2015 I ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE masalamix OF INDIA

# खेल के 'चक्रव्यूह' में फंसेंगे 4500 खिलाड़ी

## आईएमएस कॉलेज में 3 दिवसीय खेल समारोह




आईएमएस कॉलेज में चक्रव्यूह की जानकारी देते इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर श्रवण मुखर्जी

■ एनबीटी न्यूज, एनएच 24

हर खेल में विरोधी टीम को हराने के लिए रणनीति के साथ-साथ कभी-कभी चक्रव्यूह भी रचा जाता है। कुछ ऐसे ही रोमांचक खेल देखने को मिलेंगे आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में। कॉलेज में 23 से 25 अक्टूबर तक वार्षिक खेलकूद समारोह 'चक्रव्यूह' आयोजित किया जा रहा है।

### कई राज्यों से आएंगे खिलाड़ी

कॉलेज में वार्षिक खेलकूद समारोह 'चक्रव्यूह' का आयोजन वर्ष 2007 से होता आ रहा है। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. श्रवण मुखर्जी ने बताया कि 3 दिवसीय इस आयोजन में देश के कई राज्यों के कॉलेजों के खिलाड़ी भाग लेंगे। पिछले साल इस समारोह में 80 कॉलेजों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जबकि इस बार 94 कॉलेजों के करीब 4500 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मेजबान आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के भी 500 खिलाड़ी इसमें शामिल होंगे।

### 12 खेलों का होगा आयोजन

इस समारोह में बास्केटबॉल, वॉलिबॉल, क्रिकेट, चेस, टेबल-टेनिस, लॉन टेनिस, एथलेटिक्स समेत कुल 12 खेल शामिल हैं। 'चक्रव्यूह' में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए विभिन्न खेलों के स्टार प्लेयर्स भी शिरकत करेंगे। इनमें वॉलिबॉल के पूर्व भारतीय कप्तान सूबे सिंह गुज्जर, बास्केटबॉल के पूर्व भारतीय कप्तान जयशंकर मेनन, पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी अफजल शामिल हैं।

### रोमांचक मुकाबला

- 23 से 25 अक्टूबर तक होगा 'चक्रव्यूह' का आयोजन
- भारत के 94 कॉलेज ले रहे हैं खेल समारोह में भाग
- आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के 500 खिलाड़ी होंगे शामिल

**'चक्रव्यूह' में 12 खेलों का आयोजन होगा। इसमें खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कई खेलों से जुड़े खिलाड़ी भी शिरकत करेंगे।**

– उदय सिंह, स्पोर्ट्स ऑफिसर

से 10 तक के छात्रों ने [illegible] प्लास्टिक का बहिष्कार कर स्टील की बोतलें प्रदान की। इस अवसर पर स्कूल के चारों सदनों के बीच [illegible] प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में इंटर स्कूल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 15 से ज्यादा स्कूलों ने प्रतिभाग किया व प्लास्टिक का बहिष्कार करते हुए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत

# स्पोर्ट्स मीट में आईएमएस ईसी ने जीता स्वर्ण पदक



विजेता खिलाड़ी।

गाजियाबाद। एकेटीयू के डा. अब्दुल कलाम स्टेट लेवल स्पोर्ट्स फेस्ट में आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिला। 22 से 23 अक्तूबर तक बाबू बनारसी दास संस्थान में हुई स्टेट लेवल फेस्ट में आईएमएस ईसी की टीम ने वालीबॉल में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड अपने नाम किया। टीम की जीत में अहम भागीदारी निभाने वाले आईएमएस के चार खिलाड़ी पीयूष कुमार, पारस धनखड़, विवेक और शुभम वर्मा का चयन इंटर यूनिवर्सिटी के लिए एकेटीयू के होने वाले नेशनल शिविर में हो गया है। यूनिवर्सिटी की टीम में शामिल छह खिलाड़ियों में से चार गाजियाबाद के हैं। टीम की उपलब्धि पर कॉलेज के चेयरमैन संजय अग्रवाल, निदेशक डा. अबन मुखर्जी ने विजेता टीम को बधाई दी।

# छात्राओं को मिला आत्मरक्षा का प्रशिक्षण